यहाँ वहा सारे जहाँ में तेरा राज है

यहाँ वहा सारे जहाँ में तेरा राज है,
खाटू वाले श्याम तेरी जय जय कार,

तेरे ही तो सर पे इस कलयुग का भार है,
खाटू वाले श्याम तेरी जय जय कार,

लीला तेरी तू ही जाने,
भेद तेरा कोई न जाने,
एक इशारे पे नाचे तेरे सब जग वाले,
डोर सारे भक्तो की तेरे ही हाथ है,
खाटू वाले श्याम तेरी जय जय कार,

बेसहारो का सहारा डूबता का तू किनारा,
अर्पण कर दिया जीवन मेने तुमको सारा,
निर्धन के धन है शाम देने के नाथ है,
खाटू वाले श्याम तेरी जय जय कार,

तेरा नहीं कोई सानी,
तुमसे बड़ा कोई न दानी,
तेरी महिमा गाये ऋषि मुनि ज्ञानी,
सेवक अमन तेरे चरणों का दास है,
खाटू वाले श्याम तेरी जय जय कार,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/4838/title/yaha-vaha-saare-jaha-me-tera-raaj-hai-khatu-vale-shyam-teri-jai-jai-kaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |